Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to open two convention centres in jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, जयपुर शहर का व्यापारिक विकास समग्र रूप से हो रहा है। जयपुर रंगीन रत्नों व जवाहरात की अंतर्राट्रीय मंडी है। मारबल, हैंडीक्राफ्ट, मूर्तिकला उद्योगों की भी मंडियां जयपुर में हैं और अंतर्राट्रीय मार्केटिंग तौर तरीकों को अपनाते हुए जयपुर में दो कन्वैंशन सैंटर की आवश्यकता है जहां प्रदर्शनी व मेले आयोजित किए जा सकें। यहां कन्वैंशन सैंटर की आवश्यकता महसूस होने लगी है। यहां पर दिल्ली की भांति प्रगति मैदान की तर्ज पर कोई कन्वैंशन सैंटर नहीं है। व्यापारिक आयोजनों के लिए आयोजकों को जगह तलाश करना कड़ा कठिन काम है। जयपुर अब एक ऐसा हाई डैसटिनेशन हो गया है और जो पर्यटन और कारोबार का प्र ामुख केन्द्र बन रहा है। इस शहर में दो तरह के कन्वैंशन सैंटर की आवश्यकता है जो ग्लोबल अवधारणा को भी पूरा करें। जयपुर में अभी एक अंतर्राट्रीय कन्वैंशन सैंटर की भी आवश्यकता है जहां विशिट तरह के आयोजन किए जा सके। यह कन्वैंशन सैंटर हवाई अड्डे से अधिकतम 30 मिनट की ड्राइविंग पर स्थित हो, इसके लिए जगतपुरा टोंक रोड, अजमेर रोड आदि में से कोई जगह चुनी जा सकती है। इस कन्वैंशन सैंटर में अंतर्राट्रीय स्तर की बड़ी प्रदर्शनी भी आयोजित की जा सकेगी। 5000 से अधिक कारों की पार्किंग की व्यवस्था हो। इसके अलावा निकटवर्तीय इलाके में आने वाले लोगों के ठहरने व खाने-पीने आदि की भी व्यवस्था हो।

मेरी केन्द्रीय सरकार से मांग है कि जैसा कि केन्द्रीय बजट में जयपुर में एक बड़े कन्वैंशन सैंटर की बात कही गई थी, उस बात को अब गति देने का वक्त आ गया है और यह जयपुर की आवश्यकता बनती जा रही है। सरकार इस दिशा में अविलम्ब कदम उठाए।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।